



# दो वर्षीय बच्चे के लिए डॉक्टर बने भगवान, निशुल्क की सर्जरी

## ऑक्सीजन की कमी के चलते शरीर पड़ गया था नीला, इमरजेंसी में रात्रि को किया गया दिल का ऑपरेशन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम बरखेड़ा भोगी निवासी दो वर्षीय बालक के लिए डॉक्टर उस समय भगवान बन गए, जब बच्चे के दिल में छेद होने की बजह से उसमें ऑक्सीजन की कमी हो गई और इसकी बजह से उसका शरीर नीला पड़ गया। तो वहीं बच्चे की हालत खराब होने की जानकारी जैसे ही जिले के आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर को लगी तो उन्होंनें नारायण हृदयालय मुंबई के डॉक्टरों से संपर्क साधा और ऑपरेशन करने के निवेदन किया, जिसे उन्होंने सहृदय स्वीकारते हुए बच्चे की नाजुक स्थिति को समझते हुए अर्धरात्रि में ही दिल का ऑपरेशन कर दिया, वह भी बिल्कुल निशुल्क। बताया जाता है कि हृद्य की इस सर्जरी में करीब पांच लाख



रूपये का खर्च आता है, जो नारायण फाउंडेशन (NGO) द्वारा दिया गया।

आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि ग्राम बरखेड़ा भोगी निवासी दो वर्षीय अरनब अहिरवार जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित था। उसको उपचार के लिए नारायण हृदयालय मुंबई भेजा गया। जहां वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा बताया कि सर्जरी तुरन्त करनी पड़ेगी। बच्चे कि जो सर्जरी होनी थी वो नियमानुसार आयुष्मान अथवा आबीएसके कोड के मद में नहीं आ रही थी। वहीं बच्चे का उपचार करना बहुत जरूरी था नहीं तो बच्चे की जान को खतरा था। इस बीच समन्वय बैठाकर अस्पताल प्रबंधन ने बच्चे की जान बचाने के लिए तुरंत निर्णय लिया और अस्पताल द्वारा निशुल्क सर्जरी की गई। इसके लिए हॉस्पिटल प्रबंधन ने तुरंत नारायण फाउंडेशन मुंबई (NGO) से आर्थिक सहायता ली। वहीं प्रबंधन के द्वारा कलेक्टर आदित्य सिंह एवं सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी को सूचित करते हुए बताया कि बच्चे की जान को खतरा देखते हुए यह सर्जरी अस्पताल प्रबंधन निशुल्क करेगा। जिसके चलते कलेक्टर ने सर्जरी की त्वरित अनुमति प्रदान की और उस बच्चे का उपचार नारायण हृदयालय मुंबई के द्वारा निशुल्क किया गया। फिलहाल बच्चा अभी स्वस्थ्य है। इस सर्जरी के लिए कलेक्टर और सीएमएचओ ने के नारायण हृदयालय अस्पताल प्रबंधन को आभार व्यक्त किया।

### आखिर क्यों बनी इमरजेंसी की स्थिति

भले ही मुंबई के नारायण हृदयालय अस्पताल प्रबंधन द्वारा दो वर्षीय बच्चे की हालत को देखते हुए नारायण फाउंडेशन मुंबई (NGO) के सहयोग से अर्धरात्रि में निशुल्क सर्जरी की, लेकिन बच्चे की ऐसी नाजुक स्थिति क्यों निर्मित हुई इसकी जानकारी जुटाई गई, तो सामने आया कि बच्चे की बीमारी के प्रति उसने परिजन बेपरवाह थे, जिसके चलते निगरानी कर रहे चिकित्सको द्वारा बार बार कहने पर वह अस्पताल नहीं गए, जब स्थिति ज्यादा गंभीर हुई तो वह अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका ऑपरेशन किया गया। दरअसल कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के शिविर लगाया गया था, जिसमें बच्चे की बीमारी को चिन्हित कर उसके परिजनों को ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई।



# ग्राम मढ़ी खुर्द में बाढ़ सहायता वितरण में अनियमितताएं

**जनसुनवाई में एसडीएम को दिया आवेदन**

**आवेदक ने कहा एक व्यक्ति को दो-दो बार दी राशि**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** ग्राम मढ़ी खुर्द ग्राम पंचायत गदूली तहसील बहादुरपुर के निवासी नर्वदा प्रसाद अहिरवार ने मंगलवार को एसडीएम इसरार खान को आवेदन देकर वर्ष 2021 की अतिवृष्टि एवं बाढ़ सहायता राशि के वितरण में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए शिकायत की है शिकायतकर्ता द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर बताया गया है कि ग्राम मढ़ी खुर्द में अगस्त 2021 की अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई थी।

इस संबंध में तहसील बहादुरपुर कार्यालय से दो सूचियां प्राप्त हुई हैं। पहली सूची में 97 कृषकों को 5,77,200 रूपये तथा दूसरी सूची में 24 व्यक्तियों को 3,97,000 रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। नर्वदा प्रसाद अहिरवार के अनुसार इन सूचियों के अवलोकन पर यह पाया गया कि विनोद धनराम एवं विक्रम कुंवरराज के नाम दोनों सूचियों में अंकित हैं जिससे उन्हें दो बार सहायता राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही फूल सिंह पुत्र पर्वत सिंह, राजदीप पुत्र जगदीश, जगदीश पुत्र फूलसिंह, सरोज पत्नी राजदीप, सौरभ पुत्र जगदीश आदि एक ही परिवार के सदस्य हैं फिर भी इन्हें अलग-अलग पीड़ित व्यक्ति के रूप में राशि दी गई है।

अहिरवार का कहना है कि इस प्रकार की अनियमितता तत्कालीन हल्का पटवारी एवं संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से संभव हुई है और यह शासकीय राशि के दुरुपयोग खुर्द-बुर्द का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए दोषियों पर विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई की जाए तथा यदि किसी ने अनधिकृत रूप से सहायता राशि प्राप्त की है तो उसे तत्काल वसूल किया जाए। शिकायत के साथ उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दोनों सूचियों की प्रतिलिपियां भी प्रशासन को सौंपी हैं।

## एक नजर में



### अशोकनगर क्रिकेट एसोसियेशन अंडर-18 टीम घोषित

**अशोकनगर।** जिला दतिया में इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना है। इसमें सम्मिलित कराने हेतु अध्यक्ष अशोकनगर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेशन जजपाल सिंह जज्जी द्वारा अशोकनगर अंडर-18 टीम के खिलाडियों की घोषणा की गई। सचिव एडीसीए अरूण रघुवंशी ने बताया कि विशाल लोधी, वक्षराज सिहं संधु, आदित्य रघुवंशी, आकाश बंजारा, वेदांश श्रीवास्तव, नमन रघुवंशी, हमजा खान, कृष्णा रघुवंशी, यशप्रताप सिहं, ओजस शुक्ला, आयुष जैसवाल, वरूण रघुवंशी, देव ओझा, कृष्णा नामदेव, शिवा उपाध्याय, यश जैन का चयन किया गया है। कोच अमित नायक एवं अपूर्व नायक ने समस्त खिलाडियों को बधाई दी है।



### केतन के रक्तदान से हो सका ऑपरेशन

**अशोकनगर।** कभी-कभी किसी मरीज को ऐसे ब्लड की जरूरत पढ़ जाती है जो रेयर माना जाता है या मुश्किल से मिल पाता है, ऐसा ही एक मामला तब सामने आया जब ईसागढ़ के बृजपुरा ग्राम की महिला मरीज रामदुलारी शर्मा का श्री आनंदपुर चेरिटेबल ट्रस्ट सुखपुर अस्पताल में स्पाइन का ऑपरेशन होना था। जिसमें डॉक्टरों ने ऑपरेशन के दौरान ब्लड की व्यवस्था करने को कहा तब परिजनों एवं संबंधितों ने कई लोगों के ब्लड टेस्ट कराए किसी का ब्लड मैच नहीं हुआ, चूंकि मरीज का ब्लड ग्रुप ओ निगेटिव था, जो बहुत कम मिल पाता है। इसके बाद मरीज के परिजनों ने ब्लड हेल्प ग्रुप से मदद मांगी, जिसके बाद ग्रुप के सदस्य केतन राठौर ने अपना ओ निगेटिव रक्तदान किया। जिसके बाद करीब छह घंटे तक ऑपरेशन चला। वहीं परिजनों ने इस विकट परिस्थिति में साथ देने के लिए रक्तदाता सहित ग्रुप का आभार माना है।

### खेत पर बने टपरे में मिला अधेड़ का शव, हृदयघात की शंका

**बहादुरपुर।** बीते सोमवार की दोपहर को थाना क्षेत्र के केशलोन व दंगलया चक्क के बीच खेतों में बने एक टपरे के एक अधेड़ का शव पाया गया है। जिसकी मौत का कारण हृदयाघात हो सकता है। फिलहाल, शव का पोस्टमार्टम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में कराकर पुलिस थाने में मर्ग कायमी की गई है। बताया गया है कि झलकन अहिरवार उम्र 53 वर्ष निवासी केशलोन बीते रविवार को घर से एक जन्मदिन कार्यक्रम में जाने के लिए बोल कर निकला था। रात में वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने चिंता नहीं की क्योंकि कभी-कभी दो-दो दिन तक भी वह घर से बिना बताए घर से बाहर रहता था। ऐसे में उन्हें अगले दिन यानि कि सोमवार दोपहर को पड़ोसी खेत मालिक ने सूचना दी कि खेत में बने टपरे में झलकन मौजूद है, जिसके शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही है। परिजन मौके पर पहुंचे देखा तो झलकन मृतप्राय था। उसे देर रात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ शिवम् यादव ने मृत्यु की पुष्टि की। सहायक उप निरीक्षक विनोद तिवारी ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मामले की विवेचना जारी है।

# यादव कालोनी की गली में चल रहा गंदा काम

## रहवासियों ने की देह व्यापार की शिकायत, ठिकाना बदलने को मजबूर लोग

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बस्ती में चल रहे अनैतिक देह व्यापार के कारण स्थानीय लोगों को परेशान होना पड़ रहा है, तो वहीं बाहरी लोगों के आवागमन के कारण लोग विस्थापन के लिए मजबूर है। ऐसी ही एक शिकायत मंगलवार को आयोजित जनुसनवाई में पहुंची, जिसमें गली में हो रहे गंदे काम की शिकायत स्थानीय रहवासियों द्वारा की गई और इस पर रोक लगाने की मांग की गई।

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में देह व्यापार से परेशान होकर रहवासियों द्वारा एक ज्ञापन दिया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि यादव कॉलोनी के सामने गुंजन इलेक्ट्रिकल के पीछे गली में अवैध देह व्यापार का कारोबार चल रहा है, जिसकी बजह से मोहल्ले का वातावरण दूषित होने के साथ ही वहां की महिलाओं और बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। तो वहीं जो स्थानीय लोग थे, वह इस देह व्यापार से परेशान होकर या तो गांव चले गये है, या फिर कहीं और रहने को मजबूर है, क्योंकि देह व्यापार के कारण दिनभर लोगों को जमघट लगा रहता है, तो वहीं लोग नशे में आकर गंदी गंदी गलियां देते हुए नजर आते है।

### टूट रहे परिवार, मजबूर लोग बेच रहे अपना आशियाना

यादव कालोनी के रहवासियों ने बताया कि अनैतिक देह व्यापार के कारण यह रहने वाले लोगों को काफी पेरशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते यहां रहने वाले कई परिवार टूट गए है, जिसका मुख्य कारण है यहा चलने वाला देह व्यापार क्योंकि इससे प्रभावित होकर कई महिलाओं द्वारा अपने परिवार से मुहं मोढ़ लिया गया और इनके सानिध्य में आ गई। वहीं लगातार परेशानी और अपने सामने हो रहे इस अनैतिक व्यापार पर रोक लगाये जाने और शिकायत के बाद भी कार्यवाहीं न होने के चलते लोग अपना ठिकाना बदलने का मजबूर है। वहीं इस नरक भरी जिदंगी से छुटकारा पाने के लिए कई लोग तो अपने मकान और प्लाट आधी कीमत में बेचकर यहा से चले गए है, क्योंकि देह व्यापार चलाने वाली महिला की सांठगांठ ऊपर



तक के लोगों से है।

**कार्यवाहीं न होने से भयभीत है लोग:**

उल्लेखनीय है कि शहर के कई स्थानों पर देह व्यापार जैसे कुकृत्य संचालित है, लेकिन इन पर कार्यवाहीं लंबे समय से देखने को नहीं मिली है। देह व्यापार करने वालों पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर द्वारा एक्शन लिया गया था, जिसमें करीब आधा दर्जन महिलाओं के साथ ही एक दर्जन पुरूषों को गिरफ्तार किया गया। श्री राठौर की इस कार्यवाहीं चाहू ओर प्रशंसा हुई थी, तो वहीं इस गौरख धंधे पर भी कुछ हद तक लगाम लग सकी थी, लेकिन लंबे समय से इस ओर पुलिस प्रशासन को ध्यान नहीं गया। जिसके कारण यह कारोबार में फल फूल रहा है और इसकी चपेट में आकर स्थानीय लोग अपनी मेहनत की गाड़ी कमाई से खरीदे गए मकान को काम दामों में बेचने को मजबूर है। स्थानीय लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से इस अवैध कारोबार पर रोकथाम लगाए जाने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि इस अवैध धंधे पर पुलिस द्वारा कोई एक्शन लिया जाता है या फिर इस शिकायत को भी अन्य शिकायतों की तरह समझा जायेगा।

### डिजीटल लाईफ सर्टिफिकेट शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में एसबीआई स्टेशन रोड शाखा अशोकनगर द्वारा वेदांत भवन में मंगलवार को डिजीटल लाईफ सर्टिफिकेट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सहायक कोषालय अधिकारी अशोक राणा तथा पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक स्टेशन रोड अशोकनगर राजेंद्र पाठक ने बताया कि शिविर में कुल 115 पेंशनरों ने अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सफलतापूर्वक जमा किया। साथ ही सभी पेंशनरों का नि:शुल्क ब्लड शुगर टेस्ट भी कराया गया। एसबीआई की इस पहल की वरिष्ठजनों ने सराहना की है।



# कलेक्टर ने किया बीएलओ प्रशिक्षण एवं फार्म वितरण का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण गंभीरता के साथ समय पर पूरा किया जाएं। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो यह सुनिश्चित किया जाएं। ये निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित बीएलओ के प्रशिक्षण एवं गणना पत्रक वितरण कार्य के निरीक्षण अवसर पर बीएलओं को दिये।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इस कार्य में बीएलओ अपनी महती भूमिका का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में कार्य काफी महत्विपूर्ण होता है। सभी बीएलओ प्रशिक्षण की बारीकियों को समक्षकर कार्य करें। संघन पुनरीक्षण का कार्य 4 दिसम्बर 2025 तक किया जाना है। बीएलओं बीएलओं एप के माध्यम से ऑनलाईन मैपिंक का कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिये कि गणना पत्रक वितरण का कार्य घर-घर जाकर किया जाएं। साथ ही गणना पत्रक के वापसी का कार्य भी सावधानी पूर्वक करें। उन्होंनें कहा कि कोई पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोडने से वंचित न रहे।

# जिले के सटोरियों की अवैध संपत्तियों की हो जांच

## पूर्व पार्षद वाहिद पटेल और जाकिर खान जक्का के नाम की शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में सट्टे के कारोबार के चलते सटोरियां लगातार फलते फूलते जा रहे है और इनकी संपत्तियां भी दिन दोगुनी और रात चौगनी बड़ रहीं है। तो वहीं सट्टे के पैसे से बनी इन संपत्तियों की जांच की मांग अब तेज हो गई। ऐसा ही एक आवेदन मंगलवार को आयोजित जनुसनवाई में एक युवक द्वारा पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया। कर कार्रवाई करने हेतु आवेदन ।






पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन मे राहुल चौधरी ने बताया कि जिले में सट्टा का संचालन करने वाले लोगों की आए दिन संपत्तियां बड़ती जा रहीं है। उन्होंने बताया कि सट्टा काम करने वाले लोगों ने शहर के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। वहीं उन्होंने जिले के पुराने सट्टा किंग वाहिद पटेल, जाकिर खान जक्का जैसे सटोरिया का उल्लेख करते हुए इनकी संपत्तियों की जांच की मांग की है। वहीं बताया कि इनके पास आज से पहले करीब दस से पंद्रल साल पहले कुछ नहीं था, इनके द्वारा सट्टा चलाते हुए आम लोगों से उनकी गाड़ी कमाई हथयाई गई। जिससे इन्होंने लाखों की संपत्ति अर्जित करते हुए कई मकान और दुकान बना लिये, इसके साथ ही इनके द्वारा लगातार संपत्तियां अर्जित की जा रहीं है, जिनकी जांच पुलिस प्रशासन को संज्ञान में लेकर की जाना चाहिए और सट्टे के अवैध पैसे से कमाई गई इन संपत्ति को अपने कब्जे में लिया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पुलिस द्वारा लगातार सट्टा को लेकर कार्रवाई की जा रहीं है। जिसके चलते विगत दिनों ऑनलाइन सट्टा के सरगना आजाद जैन तक पहुंचने की बात पुलिस द्वारा की गई थी।

**युवाओं को बर्बाद कर एकत्रित की गई संपत्ति:**

राहुल ने पुलिस कप्तान को ज्ञापन सौंपने के दौरान बताया कि वाहिद पटेल और जाकिर खान पुराने सट्टा किंग है, इन्होंने शहर के युवाओं का सट्टा का लालच दिखाकर उनसे उनकी मेहनत की गाड़ी कमाई हथयाई और इससे अपनी संपत्ति आख्तियार की। तो वहीं सट्टा में गाड़ी कमाई गंवाने वाले कई लोग अपनी जान भी खो चुके है। इसके लिए प्रशासन द्वारा इनकी अवैध संपत्ति की जांच की जाना चाहिए।

**पूर्व पार्षद ने कहा मेरी छवि को किया जा रहा घूमिल:**

सट्टा जैसे कृत्य के आरोप लगने के बाद पूर्व पार्षद वाहिद पटेल द्वारा भी एक ज्ञापन सिटी कोतवाली टीआई को सौंपा गया है। जिसमें उन्होंने बताया कि राहुल जैन नाम के युवक द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर उनकी छवि को धूमिल करने के लिए सट्टा से गलत शब्दो का प्रयोग करते हुए लिखा है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि उनके द्वारा समाज में पद संभलने के साथ ही 20 साल पार्षद जैसे मुख्य पद पर रहकर समाजसेवा की है। वहीं सट्टा जैसा कृत्य कभी किया ही नहीं है, न ही उनके खिलाफ किसी भी थाने में मुकदमा दर्ज है, जो भी संपत्ति है वह उनकी पुस्तैनी है। उन्होंने कोतवाली टीआई से ऐसी पोस्ट करने पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की है।



**नवभारत न्यूज**

**कार्यक्रम** 1008 कलशों से हुआ खड़े बाबा का महा मस्तिकाभिषेक

# आज भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था भौतिकता से मुक्त : सुधासागर

**अशोकनगर।** दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के लिए परम पूज्य राष्ट्र संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागर महाराज ससंघ क्षुल्लकश्री गम्भीर सागर महाराज, क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर महाराज, क्षुल्लक श्री विदेह सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया, मुकेश भैया के निर्देशन में चल रही चक्रवर्ती रथयात्रा रजत विमान देव शास्त्र गुरु यात्रा का मंगलवार सुबह दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी पहुंची। जहां हजारों भक्तों ने कमेटी ने स्वागत किया। इसके बाद खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का एक हजार आठ कलशों से महामस्तिकाभिषेक किया गया।

**आज भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भौतिकता से मुक्त है:**

इसके पहले शाम को ललोई ग्राम में रजत रथ पदयात्रा का पड़ाव हुआ, जहां विशाल सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ने कहा कि भारत की आत्मा ग्रामो में बस्ती है, ग्रामीण व्यवस्था आज भी साफ सुथरी थी। आज भी यहां भौतिकता हावी नहीं हुई यदि हम सब मिलकर अपने देश को व्यसनों से मुक्त करने में सफल होगे, तो भारत को विश्व महा शक्ति बनने में समय नहीं लगेगा, क्योंकि हमारे पास युवा शक्ति बहुत है प्रकृति संसाधनों भरपूर है सब कुछ होते हुए यदि व्यक्ति व्यसनों में चला जाता है तो कार्य क्षमता समाप्त हो जाती है हमें अपने राष्ट्र के निर्माण में योगदान के लिए आगे आना होगा।

**ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ भव्य स्वागत:**

इसके पहले चक्रवर्ती की भव्य रथयात्रा रजत रथयात्रा का प्रात: काल की वेला में दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में भव्य प्रवेश हुआ जहां थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू सहित अन्य प्रमुख जन उपस्थित रहे। तो वहीं इस विशाल रथयात्रा का ग्रामीणों द्वारा भी स्वागत किया गया, इस दौरान गांव की महिलाओं द्वारा गोवर से लीपकर चौक पूर कर अपने घरों के द्वार पर मुनिश्री की पाद प्रक्षालन की।

### कलेक्टर ने दो अधिकारियों को दिए कारण बताओ नोटिस

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग मनीष व्यास एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पिपरई अशोक वर्मा को कारण बताओं नोटिस जारी किये गये है।

उल्लेखनीय है कि उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग कि 3 नवम्बर को आयोजित समय सीमा (टी.एल.) बैठक में जिले में संचालित गौशालाओं के निरीक्षण समीक्षा की गई। जिले में संचालित गौशालाओं का नियमित निरीक्षण नहीं किया जा रहा है एवं न ही निरीक्षण प्रतिवेदन कलेक्टर को समय से उपलब्ध कराया जा रहा है, जो अत्यंत ही खेदजनक है ।जिले में संचालित गोशालाओं का सतत निरीक्षण नहीं किया जा रहा है, शासन द्वारा गायो के संरक्षण एवं देखभाल हेतु विभिन्न योजनायें चलाई जा रही है, आपके द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जाकर उदासीनता एवं लापरवाही बरती जा रही है। इसी प्रकार प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पिपरई कि 3 नवम्बर को आयोजित समय सीमा (टी.एल.) बैठक में जिले में संचालित गौशालाओं की समीक्षा दौरान पाया गया है।